पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2021-23 प्रकाशित 01.09.2023 इस अंक का मूल्य 2 रूपये



।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानदाताओं से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता संख्या 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली—110007, आई. एफ. एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9868051444 पर एस.एम.एस कर दें या 9810117464 पर Paytm कर दें। – अनिल आर्य

वर्ष-40 अंक-07 भाद्रपद-2080 दयानन्दाब्द 200 01 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 01.09.2023, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## 15 दिवसीय युवा संस्कार अभियान का समापन

**युवा अपनी संस्कृति पर गर्व करें –विधायक विशेष रवि**

**संस्कार और संस्कृति समाज का आधार–राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**





रविवार 27 अगस्त, 2023 दिल्ली, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में गत 12 अगस्त से चल रहे ष्युवा संस्कार अभियानष का आज आर्य समाज मॉडल बस्ती (करोल बाग) दिल्ली में समापन हो गया ।आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने यज्ञ करवाया और यज्ञोपवीत धारण करवाए गए। मुख्य अतिथि विधायक विशेष रवि ने कहा कि युवा अपनी संस्कृति पर गर्व करना सीखें। आर्य समाज राष्ट्र निर्माण और चरित्र निर्माण की शिक्षा देता है जो सराहनीय है। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि 15 दिन में लगभग 5000 युवाओं को यज्ञोपवीत संस्कार किया गया जिससे वह अपनी गौरव पूर्ण संस्कृति से परिचित हो ।नई पीढ़ी मातृ पितृ भक्त ईश्वर भक्त देश भक्त बने यह ही हमारा लक्ष्य है ।युवाओं को अपने महापुरुषों क्रांतिकारियों के बारे में पढ़ना चाहिए। आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ आत्मा का निवास होता है अतः स्वस्थ रहने का संकल्प लें।देवेन्द्र शास्त्री, राम कुमार, रमेश बेदी के मधुर भजन हुए। विद्यालय के बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष आलोक शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंत्री आदर्श आहुजा व गोपाल जैन ने कुशल संचालन किया। प्रमुख रुप से से सुशील बाली, ओम सपरा,वेद गोगिया, प्रेम आहुजा, ऋषिपाल शास्त्री, उमा आर्या, आदित्य आर्य, विजय खुराना, राजेश आर्य, सोनिया संजू, विवेक आर्य, सूरज भान, संजय सपरा, जगदीश आहुजा, योगेन्द्र शास्त्री, रोहित आर्य आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धा मंदिर स्कूल फरीदाबाद में युवा संस्कार सम्पन्न

**आज़ादी वीरों के बलिदान से ही मिली – राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**





फरीदाबाद, बुधवार 16 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जिला फ़रीदाबाद के तत्वावधान में 11 दिवसीय ष्युवा संस्कार अभियानष का भव्य शुभारंभ श्रद्धा मन्दिर स्कूल सेक्टर 87, फरीदाबाद में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक प्रवक्ता हरिओम शास्त्री ने यज्ञ के साथ करवाया और 400 बच्चो को यज्ञोपवीत धारण करवाए गए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि वीर शहीदों ने अपने जीवन को राष्ट्र के लिए आहूत करके आजादी दिलवाई ,उनके बलिदान के कारण ही आज आज आजादी में सांस ले पा रहे हैं। किसी भी राष्ट्र का इतिहास उसके युवाओं के बलिदान से ही लिखा जाता है और भारत मां शेरो की जननी है इसकी रक्षा के लिए अनेकों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया है तब यह आजादी का दिन आया है। अब भावी पीढ़ी का कर्तव्य है कि वह आजादी की रक्षा करें। उन्होने धारा 370 हटाने के निर्णय का पुरजोर स्वागत किया उन्होने बताया कि वह स्वयं एक सप्ताह कश्मीर देख कर आए हैं पूरा वातावरण शांत, समृद्ध,प्रेम से परिपूर्ण हो गया है। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती पर उनका सन्देश घर घर पहुंचाने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद डॉ. गजराज सिंह आर्य ने की और जिला अध्यक्ष विद्या भूषण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्र रक्षा की शपथ दिलाई। प्रांतीय महामंत्री वीरेन्द्र योगाचार्य ने कहा कि यह राष्ट्र सर्व प्रथम है और इसकी रक्षा के लिए सबको प्रति बध रहना चाहिए। दिल्ली से आई गायिका पिंकी आर्या व शिवपाल सिंह आर्य ने अपने गीतों से समा बांध दिया। श्रद्धा मन्दिर स्कूल के बच्चों ने देश भक्ति पूर्ण गीत सुनाए।

# विजय हाई स्कूल सोनीपत में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

**वीरों का बलिदान युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**






सोनीपत, वीरवार 17 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'युवा संस्कार समारोह' का भव्य आयोजन मास्टर मनोहर लाल चावला की स्मृति में विजय हाई स्कूल, सिक्का कॉलोनी,सोनीपत में किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक प्रवक्ता हरि चंद स्नेही ने यज्ञ के साथ किया और बच्चो को यज्ञोपवीत धारण करवा कर महत्व समझाया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने मास्टर मनोहर लाल चावला को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें कर्मयोगी बताया। उन्होने आगे कहा कि वीर शहीदों ने अपने जीवन को राष्ट्र के लिए आहूत करके आजादी दिलवाई, उनके बलिदान के कारण ही आज आजादी में सांस ले पा रहे हैं।किसी भी राष्ट्र का इतिहास उसके युवाओं के बलिदान से ही लिखा जाता है और भारत मां शेरों की जननी है इसकी रक्षा के लिए अनेकों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया है तब यह आजादी का दिन आया है।अब भावी पीढ़ी का कर्तव्य है कि वह आजादी की रक्षा करें।उन्होने धारा 370 हटाने के निर्णय का पुरजोर स्वागत किया उन्होने बताया कि वह स्वयं एक सप्ताह कश्मीर देख कर आए हैं पूरा वातावरण शांत, समृद्ध,प्रेम से परिपूर्ण हो गया है। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती पर उनका सन्देश घर घर पहुंचाने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता शिक्षा विद जितेन्द्र चावला ने की और शालिनी चावला ने धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्र रक्षा की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि ओम सपरा (पूर्व मेट्रो पोलिटिन मजिस्ट्रेट) ने कहा कि यह राष्ट्र सर्व प्रथम है और इसकी रक्षा के लिए सबको प्रतिबध रहना चाहिए। दिल्ली से आमन्त्रित संगीत रत्न गायिका पिंकी आर्या ने अपने गीतों के माध्यम से समा बांध दिया। विजय हाई स्कूल के बच्चों ने देश भक्ति पूर्ण गीत सुनाए जो श्रद्धालुओं नें पसन्द किए। इस अवसर पर सीमा शर्मा , संध्या , हरबंस लाल अरोड़ा , वीर सैन श्रीधर , संदीप बत्रा , ज्ञानेश्वर त्यागी , स्टॉफ और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद द्वारा विद्वानों को सम्मानित किया गया।

# आस्ट्रेलिया के मेयर का स्वागत व विश्वासनगर में युवा संस्कार सम्पन्न






चित्र में प्रीतम सिंह, महेन्द्र भाई, आस्ट्रेलिया के सुरेन्द्र पाल चहल (काउन्सलर), एवं श्री मनीष । परिषद् की ओर से प्लिमटन सिटी के काउन्सलर को वैदिक साहित्य भेंट किया गया। द्वितीय चित्र में आर्यन क्लासेस विश्वास नगर दिल्ली में महेश भार्गव की अध्यक्षता में युवा संस्कार सम्पन्न हुआ।

## स्वामी सच्चिदानंद जी का निधन

यमुना नगर हरियाणा के सुप्रसिद्ध संन्यासी स्वामी सच्चिदानंद जी का निधन हो गया।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि

– अनिल आर्य



## ठाकुर विक्रम सिंह 80वां जन्मोत्सव

मंगलवार 19 सितम्बर 2023,

प्रातः 10 से 2 बजे तक

तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली

मुख्य अतिथिः स्वामी राम देव जी

आप सादर आमंत्रित हैं

– डॉ. आनन्द कुमार,संयोजक

# इन्द्रापुरम में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

**ईश्वर विश्वासी पर आए पहाड़ समान दुख राई के बराबर हो जाते हैं–आचार्य महेन्द्र भाई**





रविवार, 20 अगस्त 2023,वेद प्रचार परिषद एवं केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के नेतृत्व में ज्ञानखंड 1,इन्दिरापुरम में ष्युवा संस्कार समारोहष का भव्य आयोजन किया गया ।यज्ञ करके बच्चों ने माँस,अंडा,नशा आदि दुर्व्यसन त्यागने की प्रतिज्ञा ली और यज्ञोपवीत धारण किया ।आचार्य महेन्द्र भाई  के ब्रह्मत्व में यज्ञ सम्पन्न हुआ ।उन्होंने युवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा जीवन को बर्बाद कर देता है ।यज्ञ करके इन दुर्व्यसनों को जीवन से त्यागने का संकल्प कराया और माता पिता का अभिवादन करके उनका सम्मान करने की प्रेरणा दी ।उन्होंने कहा की ईश्वर पर विश्वास करने से लाभ ही लाभ है स्वामी दयानंद ने भी यही कहां है ईश्वर पर विश्वास करने से पहाड़ जैसी मुसीबत राई के बराबर हो जाती है ईश्वर पर विश्वास ना होने के कारण आज आत्महत्याऐं बढीं हैं, इसलिए उसे मानना आवश्यक है,लाभकारी है, समझदार लोगों की यही पहचान है,यही धर्म है,उन्होंने आगे कहा कि आपके प्रिय जनों में यदि कोई कमियां हो इस कारण उनसे द्वेष मत करो अपितु स्वयं में परिवर्तन लाओ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रमोद चौधरी ने कहा कि यज्ञोपवीत ज्ञान ग्रहण करने का बाह्य चिह्न है ।इसीलिए इस समय जिन लोगों ने यज्ञोपवीत नहीं धारण किया हुआ है,उन्हें नया यज्ञोपवीत धारण करना चाहिए ।अर्थात इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वे अज्ञान, अंधकार से बाहर निकलेंगे और और ज्ञानवान होकर परिवार, समाज,राष्ट्र को प्रकाशित करेंगे। जिन लोगों ने यज्ञोपवीत धारण किया हुआ है,उन्हें पुराने यज्ञोपवीत को उतारकर नया धारण करना चाहिए ।अर्थात् इस बात का संकल्प करना चाहिए कि वह अपने जीवन में स्वाध्याय और यज्ञ को कभी नहीं छोडेंगे। विशेषकर यज्ञोपवीत में तीन धागे होते है वे तीन ऋणों के प्रतीक है। ऋषि ऋण,देव ऋण,पितृ ऋण। मनुष्य को इन तीनों ऋणों का बोध हो यही उद्देश्य है। समारोह की अध्यक्षता यशो वीर आर्य ने की,उन्होंने कहा कि  हम नई पीढ़ी को संस्कारित करने का अभियान चलाते रहेंगे। सर्वश्री प्रवीण आर्य,देशभूषण चावला एवं नरेश चन्द्र आर्य के मधुर भजन हुए। मन्च का कुशल संचालन संयोजक यज्ञवीर चौहान जी ने किया। इस अवसर पर सर्वश्री देवेन्द्र गुप्ता,मुकेश चंद्र,शुभम त्यागी, शकुंतला आर्या,प्रीति चौहान, सोनिया विज, ममता चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आर्य समाज देव नगर में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

**यह युवा ही देश का भाग्य बदलेंगे –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**





रविवार, 20 अगस्त 2023, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज देव नगर करोल बाग दिल्ली में 'युवा संस्कार समारोह' सम्पन्न हुआ। आचार्य राम प्रकाश आर्य ने यज्ञ करवाया व 50 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया। मुख्य अतिथि अनिल आर्य, (राष्ट्रीय अध्यक्ष,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद) ने कहा कि यह चरित्रवान व संस्कार वान युवा ही देश के भाग्य का निर्माण करेंगे ।किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं पर ही निर्भर करता है। आर्य समाज नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में सदैव अग्रसर रहता है ।उन्होंने बताया कि 12 अगस्त से 27 अगस्त तक युवा संस्कार अभियान चल रहा है जिसमें लगभग 10,000 युवाओं का यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। आचार्य गवेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज राष्ट्र विषम परिस्थितियों से निकल रहा है उन चुनौतियों का मुकाबला युवा ही करेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष एडवोकेट सुशील बाली ने भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। संचालन वैद्य गोपाल कृष्ण जैन ने किया। शिक्षक रोहित आर्य के निर्देशन में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। प्रमुख रुप से रमेश बेदी, राकेश बेदी, आदर्श आहुजा, वेद गोगिया, प्रेम आहुजा, आदित्य आर्य, अश्वनी निझावन, प्रदीप गोगिया आदि उपस्थित थे।

# ग्राम जोन्ती दिल्ली व यमुना नगर हरियाणा में युवा संस्कार सम्पन्न






दिल्ली देहात के ग्राम जोंन्ती में दशरथ भारद्वाज की अध्यक्षता में व सौरभ आर्य की अध्यक्षता में यमुना नगर हरियाणा में युवा संस्कार सम्पन्न हुआ।

# संगम विहार में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न

**राष्ट्र की एकता अखंडता का संकल्प लें –राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य**





रविवार, 20 अगस्त 2023,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में टीनू पब्लिक स्कूल संगम विहार नई दिल्ली में युवा संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद धर्म पाल सिवास ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य श्रुति सेतिया ने यज्ञ से करवाया और लगभग 150 व्यक्तियों ने यज्ञोपवीत धारण किए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने चन्द्र यान 3 की सफलता के लिए बधाई देते हुए राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलवाया।उन्होंने कहा कि देश की आजादी में जेल जाने वाले लोग सर्वाधिक आर्य समाजी ही थे।देश क्रांतिकारियों के बलिदान से ही आजाद हुआ।नई पीढ़ी मां बाप की आज्ञाकारी बनें, ईश्वर विश्वासी बनें साथ ही देश के लिए समर्पित हो यह प्रयास आर्य युवक परिषद् कर रहा है और 15 दिन में 100 स्थानों पर युवा संस्कार कार्यक्रम चल रहे हैं।आर्य समाज नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने में सदैव अग्रसर रहता है।उन्होंने बताया कि 12 अगस्त से 27 अगस्त तक युवा संस्कार अभियान चल रहा है जिसमें लगभग 10,000 युवाओं का यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। आर्य नेत्री ऋचा गुप्ता ने बाल संस्कार कार्यक्रम के लिए बधाई दी। गायिका सुधा सिंह संजीवनी ने ओज पूर्ण गीतों से समा बांध दिया। आर्य नेता देवदत्त आर्य ने भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।संचालन जिला अध्यक्ष रामफल खरब ने किया। प्रमुख रुप से विजय सेतिया, सीमा आर्या,के पी सिंह, रमेश पाण्डेय, प्रेम प्रकाश आर्य, धर्मेन्द्र सिंह, महेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# संन्यास आश्रम गाजियाबाद में युवा संस्कार धूमधाम से सम्पन्न

**उपनयन संस्कार जीवन निर्माण की आधारशिला है –डा. आर. के. आर्य (निर्देशक स्वदेशी फार्मेसी)**





रविवार, 20 अगस्त 2023 को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद एवं शंभू दयाल दयानन्द वैदिक सन्यास आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सन्यास आश्रम दयानन्द नगर में आयोजित युवा संस्कार अभियान के अन्तर्गत युवा संस्कार समारोह में युवकों को यज्ञोपवीत धारण कराया गया। स्वदेशी आयुर्वेद के निदेशक डा आरके आर्य ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया,उन्होंने कहा कि व्यक्ति का निज जीवन समाज के लिये आदर्श होना चाहिये,आपके जीवन को देखकर ही व्यक्ति आपके अनुगामी बनेंगे।उपनयन का अर्थ है समीपता को प्राप्त करना,आचार्य की समीपता को प्राप्त करके बालक शिक्षा द्वारा अपने जीवन को समुन्नत करता है,शिक्षा व्यक्ति को काम करने में समर्थ बनाती है।उपनयन संस्कार जीवन निर्माण की आधारशिला है यज्ञोपवीत के तीन धागे स्वजीवन को समुन्नत बनाना तथा राष्ट्र के लिये भावी सन्तति समुन्नत बना कर देने के व्रत का प्रतीक हैं।प्रत्येक भारतीय का यह संस्कार होना चाहिये जिससे राष्ट्र में सद्चरित्र शिक्षित नागरिक उपलब्ध हो सकें। यज्ञ के ब्रह्मा डा भगवान देव आचार्य ने यज्ञोप्रांत कहा कि सदा से ही युवा पीढ़ी समाज सुधार करती आई है ओर आज भी करना होगा समाज में फैली हर बुराई को दूर करने का बीड़ा उठाना होगा।अब चाहे वे बुराईयाँ दैहिक हों,दैविक हों,मानसिक हों, सामाजिक हों,भौतिक हों या फिर राजकीय हों,आज कल के युवकों को हम शिक्षा तो दे रहे हैं पर दिशा नहीं आज युवकों को सही दिशा का ज्ञान अपने कर्तव्यों का ज्ञान सुचारू रूप से होना बहुत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि संस्कारित एवं देश भक्त युवकों का निर्माण आर्य समाज करेगा।

मुख्य वक्ता आचार्य महेंद्र भाई ने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुये कहा कि यज्ञ से त्याग व उपकार की भावना जागृत होती है यज्ञोपवीत हमारी पुरातन गौरवशाली संस्कृति का आधार है।समारोह में आर्य जनों ने भाग लेकर महर्षि दयानन्द के पदचिन्हों पर चलने,नशा मुक्त समाज की स्थापना करने, एवं बीड़ी –सिगरेट,अंडा मांस,शराब तथा गुटके से दूर रहने का संकल्प लिया। परिषद के प्रांतीय मंत्री एवं संयोजक प्रवीण आर्य ने कहा कि धर्म समाज को जोड़ता है,तोड़ता नही,वैदिक धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है।पारिवारिक सद्भावना के बिना जीवन सफल नहीं हो सकता, समाज का उत्थान–राष्ट्र का उद्धार नहीं हो सकता।श्रेष्ठ संस्कारों से ही युवा पीढ़ी उत्थान के शिखर पर पहुंच सकती है। विशेष आमंत्रित पार्षद नीरज गोयल का आश्रम द्वारा स्वागत किया गया उन्होंने कहा कि संस्कारों से ही व्यक्ति महान बनता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि चौधरी मंगल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि चरित्रवान युवक ही राष्ट्र विरोधी ताकतों का मुकाबला कर सकते हैं क्योंकि चारित्रिक बल सबसे बड़ा बल होता है।युवकों को जीवन मे समयबद्धता, अनुशासन,माता पिता के आज्ञाकारी, आत्मविश्वासी, संकल्पवान ओर देशभक्त होना चाहिये।ऐसे देश भक्तों का आर्य युवक परिषद निर्माण करती है।चरित्र निर्माण समाज की महती आवश्यकता है। आश्रम के उपाध्यक्ष स्वामी सूर्यवेश ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की आज फिर समाज में पाखंड और अन्ध विश्वाश बढ़ रहे है जिसका भोले भाले लोग शिकार हो जाते है आर्य जनो को चाहिए की वो समाज में इन बुराइयों को दूर करने के लिए मैदान में आगे आएं।उन्होंने आगे कहा की आर्य समाज का आजादी में महत्त्व पूर्ण योगदान रहा है अब आर्य जनों को राष्ट्र रक्षा के लिये तैयार रहना होगा। गायिका वीना वोहरा,विभा भारद्वाज,नरेश चन्द्र आर्य, शिशु पाल सिंह एवं सौरभ गुप्ता द्वारा गाये गए अद्भुत भजनों ने लोगों को झूमा दिया। समारोह को सफल बनाने में अश्रमाचार्य जितेन्द्र आर्य,सुरेश आर्य,प्रमोद चौधरी,यज्ञवीर चौहान, राहुल आर्य, प्रद्योत पाराशर,माता पद्मा शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री भूपेन्द्र सिंह,यशपाल धामा,वेद व्यास,एनके आर्य, सुभाष शर्मा,विजय कुमार, वीके धामा,आशा आर्या आदि उपस्थित हुए। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**, 2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548503 **मो.:** 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970